श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
25.06.2024
आषाढ़ कृष्णपक्ष तृतीया संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 300

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:09 बजे
अस्त - 06:47 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 37 डिग्री से.
न्यूनतम : 29 डिग्री से.


# बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...




डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
रमना में बेखौफ चल रहा अवैध बालू का कारोबार >> पेज 03 | जोड़ी सलामत रहे : शत्रुघ्न सिन्हा >> पेज 04

## सुविचार

दिमाग ठंडा हो तो फैसले गलत नहीं होते और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते

## न्यूज अपडेट्स

### जेपी नड्डा राज्यसभा में सदन का नेता नामित

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को राज्यसभा में सदन का नेता नामित किया गया है। उच्च सदन में नड्डा केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की जगह लेंगे। जेपी नड्डा के सदन का नेता बनने पर कई अन्य केन्द्रीय मंत्रियों ने भी उन्हें बधाई दी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीट करके केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को राज्यसभा में सदन का नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी कुशल कार्यशैली और विशाल राजनीतिक अनुभव निस्संदेह उच्च सदन में नए मानक स्थापित करेगा और हमारे देश की प्रगति में योगदान देगा।

### राज्य में 25 जून से मतदाता सूची पुनरीक्षण

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार राज्य में 25 जून से 24 जुलाई तक मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्री-रिविजन एक्टिविटीज किया जा रहा है। इसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगी।

समीक्षा ▸ **सीएम चंपाई ने अधिकारियों को दिया निर्देश**

# शिक्षक नियुक्ति में तेजी लाएं

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 15 अगस्त तक इंटरमीडिएट स्तरीय प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 11 हजार पदों पर नियुक्ति तथा स्नातक स्तरीय प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 15 हजार पदों की बहाली आगामी पांच सितम्बर तक हर हाल में हो यह सुनिश्चित करें।



शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार ने शिक्षक बहाली के लिए जो लक्ष्य रखा है, उसी अनुरूप कार्य प्रगति में तेजी लाते हुए लक्ष्य को हासिल करना है, इस निमित्त शिक्षक बहाली की सभी प्रक्रियाओं को यथाशीघ्र पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हमारी सरकार राज्य में शैक्षणिक व्यवस्थाओं को निरंतर मजबूत करने का कार्य कर रही है। स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों को शिक्षकों की कमी की वजह से पठन-पाठन में बाधा नहीं पहुंचे यह हमसभी की नैतिक जिम्मेवारी है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में समृद्ध जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्राथमिक विद्यालयों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय विषयों की पढ़ाई प्रारंभ हो सके इसके लिए जनजातीय भाषा के 3538 एवं क्षेत्रीय भाषाओं के 8418 पदों पर जो नियुक्ति की जानी है, इसकी सभी प्रक्रियाओं को जल्द पूरा करें।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सद्दश्य वादों में पारित न्यायादेश के आलोक में अंतिम काउंसलिंग के आधार पर चयनित 1511 प्रारंभिक शिक्षकों को जल्द नियुक्ति पत्र दी जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य के भीतर वैसे स्कूल जिसे कठिन भौगोलिक समस्याओं के कारणों से बंद किया गया था, उन विद्यालयों को फिर से प्रारंभ करने के लिए विभाग द्वारा आवश्यक कार्य योजना बनायी जाए।

मुख्यमंत्री ने निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, पोशाक वितरण, मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना एवं साइकिल वितरण योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि कक्षा एक से 12 तक के विद्यार्थियों को ससमय पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने जानकारी दी कि वर्ष 2024-25 में कक्षा एक से 12 तक के विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक आपूर्ति एवं वितरण का कार्य जारी है। निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पोशाक वितरण कार्य में तेजी लाते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करें। मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा एक से 12 तक के विद्यार्थियों को वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 की छात्रवृत्ति राशि अनिवार्य रूप से उनके बैंक खातों में डीबीटी कर दिए जाएं। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की छात्रवृत्ति राशि कक्षा एक से 12 तक के पात्र विद्यार्थियों को डीबीटी किया जा रहा है। साथ ही वर्ष 2024-25 के लिए राशि की प्राप्ति होने के उपरांत डीबीटी किए जाने की कार्रवाई की प्रारंभ कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने छात्रवृत्ति राशि एवं साइकिल वितरण कार्य में तेजी लाने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

मुख्यमंत्री ने सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस विद्यालयों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों की संख्या बढ़ाने की कार्य योजना में तेजी लाएं। राज्य के स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्थाओं को हर हाल में सुदृढ़ करना है। राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में बिजली, पानी, शौचालय तथा स्कूल परिसरों के साफ सफाई में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।

## देश चलाने के लिए आम सहमति से आगे बढ़ने के सभी प्रयास किए जाएंगे : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश के लोगों की सेवा के लिए संविधान के दायरे में रहते हुए आम सहमति से आगे बढ़ने के सभी प्रयास किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने आज से शुरू हुए 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरूआत होने से पहले संसद के बाहर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन संसदीय लोकतंत्र के लिए गौरवपूर्ण और गौरवशाली है, क्योंकि आजादी के बाद पहली बार शपथ ग्रहण समारोह नई संसद में होगा। प्रधानमंत्री ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों को हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरी बार सरकार चुनने के लिए नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सरकार की नीयत, नीतियों और लोगों के प्रति समर्पण पर मुहर लगाता है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने एक परंपरा स्थापित करने का प्रयास किया है क्योंकि हमारा मानना है कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की आवश्यकता होती है, लेकिन देश चलाने के लिए सर्वसम्मति बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि 140 करोड़ नागरिकों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सर्वसम्मति और सभी को साथ लेकर मां भारती की सेवा की जाए। प्रधानमंत्री ने इस संसद के गठन को भारत के सामान्य मानवी के संकल्पों को पूरा करने का माध्यम बताते हुए कहा कि यह नए उत्साह के साथ नई गति और ऊंचाई हासिल करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को साकार करने के लिए आज से 18वीं लोकसभा शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद यह केवल दूसरी बार है जब देश ने किसी सरकार को तीसरी बार सेवा करने के लिए अपना जनादेश दिया है।

## किसानों को 50 फीसदी अनुदान पर मिलेंगे उन्नत बीज

**लातेहार।** फसलों की अच्छी पैदावार के लिए सरकार द्वारा किसानों को उन्नत किस्मों के प्रमाणित बीज उपलब्ध कराये जाते हैं। अधिक से अधिक किसान इन बीजों को लगाकर उत्पादन और उत्पादकता बढ़ा सके इसके लिए सरकार किसानों को इन बीजों पर अनुदान भी देती है। पिछले दो वर्षों से मौसम की मार के कारण आर्थिक समस्या से जूझ रहे किसानों को इस वर्ष कृषि विभाग के द्वारा उन्नत नस्ल के बीज उपलब्ध कराए जाने की योजना लेकर आई है। विभाग के द्वारा किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा इस वर्ष जिले में बिरसा फसल विस्तार योजना की भी शुरूआत की जा रही है, जिसके तहत चयनित किसानों को शत-प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराई जाएगी। लातेहार जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह ने बताया कि इसके लिए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। लातेहार जिले में पिछले दो वर्षों से बरसात के मौसम में काफी कम बारिश होने के कारण अधिकांश किसान आर्थिक समस्या से जूझ रहे हैं। कम बारिश होने के कारण खरीफ फसल के उत्पादन पर काफी गहरा प्रभाव पड़ा था। इस कारण से किसानों को आर्थिक नुकसान भी हुआ। हालांकि संभावना जताई गई है कि इस वर्ष अच्छी बारिश होगी। लेकिन पिछले दो वर्षों से आर्थिक नुकसान की मार झेलने के कारण कई ऐसे किसान भी हैं, जो महंगे बीज लेने में खुद को असमर्थ पा रहे हैं।

## लोगों को हक-अधिकार देना सर्वोच्च प्राथमिकता : चम्पाई

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि झारखंड के वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी-मूलवासी सहित सभी वर्ग समुदाय के लोगों को वन अधिकार अधिनियम के तहत उन्हें उनका हक-अधिकार प्रदान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। मुख्यमंत्री सोमवार को श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान (एटीआई) के सभागार में आयोजित अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान (समुदायों को सशक्त बनाना-अधिकारों को सुनिश्चित करना, एफआरए-2006 - न्याय, संरक्षण और चुनौतियां) पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अबुआ वीर, अबुआ दिशोम अभियान के प्रत्येक बिंदुओं पर आज के इस कार्यशाला में विस्तृत चर्चा हुई है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह कार्यशाला झारखंड के लिए ऐतिहासिक और मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम को सरल और पारदर्शी बनाकर झारखंड के वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी-मूलवासी सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को ग्राम सभा के निर्णय अनुसार सम्मान के साथ वनपट्टा प्रदान करें। ग्राम सभा की अनुशंसा के अनुरूप वनपट्टा के लिए मिले आवेदन में भूमि की मांग हेक्टेयर में हो या एकड़ में हम उतनी भूमि उन्हें प्राथमिकता के तौर पर उपलब्ध कराएंगे, इस लक्ष्य के साथ कार्य करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इस कार्यशाला के बाद अबुआ वीर अबुआ दिशोम अभियान में तेजी आएगी। वनपट्टा वितरण में जो कमी रही है उसे इस अभियान के तहत पूरा करना ही मुख्य उद्देश्य है।

**झारखंड विधानसभा चुनाव पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने की बैठक**

# जनता के बीच रहें पार्टी कार्यकर्ता

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की सोमवार को नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनायी गयी। बैठक में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर शामिल थे। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा




कि कांग्रेस पार्टी झारखंड के जल, जंगल, जमीन और जनजाति समाज सहित सभी वर्गों के अधिकारों के प्रति समर्पित है। भाजपा ने षडयंत्रकारी राजनीति कर झारखंड की अस्मिता का अपमान किया है। आनेवाला विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता को जनता के बीच रहना है। सामाजिक न्याय और सहभागिता के लिए हमसभी प्रतिबद्ध है। झारखंड के नेताओं के साथ आनेवाला विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी रणनीति पर विचार-विमर्श किया।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, केन्द्रीय महासचिव डॉ अजय कुमार, प्रणव झा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, सांसद सुखदेव भगत, सांसद कालीचरण मुण्डा, पूर्व सांसद डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू, फूरकान अंसारी, सुबोधकांत सहाय, विधायक प्रदीप यादव, दीपिका पाण्डेय सिंह, गीताश्री उरांव, अभिजीत राज, गुंजन सिंह शामिल थे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने दी।

## भूमिगत कोयला गैसीकरण के लिए झारखंड में पायलट परियोजना शुरू

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय ने झारखंड में भूमिगत कोयला गैसीकरण के लिए भारत की पहली पायलट परियोजना का शुभारंभ कर दिया। आज सोमवार (24 जून) को कोयला मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। कोयला मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक इस पहल का उद्देश्य कोयला गैसीकरण के उपयोग के माध्यम से इसे औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए मीथेन, हाइड्रोजन, कार्बन मोनोऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी मूल्यवान गैसों में परिवर्तित




करना है। कोयला मंत्रालय के रणनीतिक निर्देशन के अतर्गत ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) ने झारखंड के जामताड़ा जिले के कास्ता कोयला ब्लॉक में भूमिगत कोयला गैसीकरण (यूसीजी) के लिए एक अभिनव पायलट परियोजना की शुरूआत की है। दिसंबर 2015 में कोयला मंत्रालय ने कोयला और लिग्नाइट युक्त क्षेत्रों में यूसीजी के लिए एक व्यापक नीतिगत प्रारूप को स्वीकृति दी थी। इस नीति के अनुरूप कोल इंडिया ने भारतीय भू-खनन स्थितियों के अनुरूप यूसीजी प्रौद्योगिकी को लागू करने के लिए कस्ता कोयला ब्लॉक का चयन किया। ईसीएल द्वारा सीएमपीडीआई रांची और कनाडा की एर्गो एक्सर्जी टेक्नोलॉजीज इंक (ईईटीआई) के सहयोग से प्रबंधित यह परियोजना दो वर्ष तक संचालित की जाएगी और इसमें दो चरण शामिल हैं।

# धुरकी : पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान




### नशा का त्याग करें और स्वस्थ जीवन का निर्माण करें : थाना प्रभारी

बंशीधर न्यूज

**धुरकी :** एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर धुरकी थाना के थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने धुरकी थाना क्षेत्र के करपुरी चौक से शिवरी मोड़ तक नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस ने नशा मुक्ति से संबंधित लिखा हुआ बैनर लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने लोगों से नशा नहीं करने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि नशा का त्याग करें और स्वस्थ जीवन का निर्माण करें। उन्होंने कहा की वर्तमान समय में नशा एक बहुत बड़ी चुनौती है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य और जीवन पर गहरा असर पड़ता है। थाना प्रभारी ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एकजुट होकर लोगों को नशा छोड़ने के लिये सभी जागरूक करें और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग करें। आगे उन्होंने कहा की ड्रग से संबंधित कोई भी सूचना हो तो मोबाइल नंबर 7643984021 पर दें उनका नाम गोपनीय रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अभियान में बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## न्यूज अपडेट्स

### कुएं से मिला युवक का शव

**छतरपुर :** छतरपुर थाना पुलिस ने मदनपुर रविदास टोला अम्बेडकर भवन के नजदीक एक कुआं से एक युवक का शव बरामद किया है। शव की पहचान अरविन्द कुमार (26) पिता संतोष राम के के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि मृतक की दिमागी हालत ठीक नही थी। अरविन्द के पिता संतोष राम बाहर मे काम करने गये हैं। ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह कुआं में लाश देखने के बाद छत्तरपुर थाना को सूचना दी थी।

### संकल्पों को सिद्ध करने के लिये प्रतिबद्ध : वीडी राम

**मेदिनीनगर :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने 18 वीं लोकसभा के संसद सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण किया। श्री राम ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने के लिये प्रतिबद्ध हैं। सांसद श्री राम ने इस अवसर पर पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि मुझे लगातार तीसरी बार पलामू एवं गढ़वा की जनता ने अपना आशीर्वाद एवं समर्थन देकर भारी मतों से जिताया है तथा जनता की सेवा करने का मौका दिया हैं।

## गढ़वा ▶ छात्रा ने शिक्षक पर लगाया छेड़खानी का आरोप

# शिक्षक पुलिस हिरासत में

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** गढ़वा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवादा की एक छात्रा ने विद्यालय के शिक्षक नीरज श्रीधर पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। उक्त मामले में उसके परिजनों ने विद्यालय में आकर जमकर हंगामा किया। साथ ही शिक्षक के साथ मारपीट भी की। छात्रा के पिता ने गढ़वा थाने में प्राथमिकी के लिये आवेदन भी दिया है। घटना के संबंध में छात्रा के पिता ने बताया कि उसकी पुत्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवादा में पढ़ती थी। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक नीरज श्रीधर ने मेरे पुत्री के साथ छेड़छाड़ किया है। जिसकी शिकायत वह आकर अपने परिजनों से की। उसके बाद आक्रोशित परिजन विद्यालय में पहुंचकर स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापिका बबिता देवी से शिकायत की। उसी दौरान प्रधानाध्यापिका ने छात्रा को बुलाकर विद्यालय में पूछताछ की। पूछताछ के



दौरान छात्रा ने शिक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। उसके बाद परिजन आक्रोशित हो गये और विद्यालय में जमकर हंगामा करने लगे। बढ़ती भीड़ और लोगों के आक्रोश को देखते हुये स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गढ़वा थाना को दी। पुलिस तत्काल विद्यालय में पहुंचकर शिक्षक को हिरासत में लेकर अपने साथ थाना ले आई है। उक्त मामले में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका बबिता देवी ने बताया कि छात्रा ने शिक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाई है। उसके परिजन भी लिखित आवेदन दिये हुये हैं। लिखित आवेदन को अपने उच्च अधिकारियों तक भेजा जायेगा। उक्त मामले में शिक्षक नीरज श्रीधर ने बताया कि छात्रा के द्वारा लगाया गया आरोप बेबुनियाद है। पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर छात्रा के परिजन से हंगामा करवाया जा रहा है। उधर थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, पुलिस शिक्षक को थाना लेकर आई है। परिजनों के आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

### अपराधियों ने दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर की हत्या

**गढ़वा :** सदर थाना क्षेत्र के पचपड़वा बाजार में दिनदहाड़े अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के महुलिया नवाडीह गांव निवासी करार अंसारी के पुत्र तैयब अंसारी 25 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि तैयब अंसारी पचपड़वा बाजार में कुछ काम के लिये गया था। इस दौरान स्कॉर्पियो से आये हुये अज्ञात अपराधियों ने गोली चला दी। जिसमें तैयब अंसारी के सिर में गोली लगी है।



घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आनन फानन में उसे सदर अस्पताल लाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना का कारण फिलहाल परिजन कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंच गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी वृज कुमार ने बताया कि अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मारकर युवक की हत्या की गई है। सूचना के बाद पुलिस सभी पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल घटना क्यों घटी है इसकी जानकारी ली जा रही है।

### अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त



केतार : पुलिस ने सोमवार की सुबह थाना क्षेत्र के परती कुश्वानी पंचायत के बाघमानवा जंगल से अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। जहां परती सोन नदी तट से दो ट्रैक्टर से बालू का उठाव कर ढुलाई करते पकड़ा गया। उधर उक्त दोनों ट्रैक्टर के मालिकों पर सीओ सावित्री कुमारी के द्वारा थाना में वाहन और मालिक के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई गई है।

### पुलिस जवान की दिल्ली एम्स में मौत

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस के जवान जवान नित्यानंद महतो की दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। कुछ दिन पूर्व उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल से एयरलिफ्ट कर दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था। नित्यानंद महतो बोकारो के चंदनकियारी के रहने वाले थे। दरअसल लोकसभा चुनाव की मतगणना के दिन सुबह-सुबह पलामू पुलिस लाईन से जवानों को मतगणना केंद्र भेजा जा रहा था और इसी दौरान पुलिस लाईन में एक पेड़ गिर गया, जिसकी चपेट में आने से तीन जवान घायल हो गये थे। नित्यानंद महतो के सिर में गंभीर चोट के कारण उन्हें इलाज के लिये रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और इसके बाद उन्हें इलाज के लिये एयरलिफ्ट कर दिल्ली ले जाया गया था। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि नित्यानंद महतो का अंतिम संस्कार बोकारो स्थित उनके पैतृक गांव में किया जायेगा। जवान को बोकारो में सलामी दी गई। इस बीच पलामू पुलिस मेंस एसोसिएशन के सदस्य बोकारो पहुंच गये हैं।

### एमएसीएच में अल्ट्रासाउंड के लिये सुबह से लगती है लाईन

**मेदिनीनगर :** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इन दिनों गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कराने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह चार बजे से ही गर्भवती महिलाएं नंबर लगाने के लिये अस्पताल पहुंच जाती हैं। इसके बाद भी उन्हें निराशा हाथ लगती है। सदर अस्पताल में एक दिन में 20 से 25 लोगों का ही अल्ट्रासाउंड किया जाता है। जबकि प्रतिदिन सैकड़ो गर्भवती महिलाएं अपना अल्ट्रासाउंड करवाने अस्पताल पहुंचती हैं। नंबर लगाने में कभी-कभी आपस में लोग झगड़ भी जाते हैं। आरोप है कि वहां कार्यरत कर्मियों द्वारा इन गर्भवती महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार भी किया जाता है। इससे मरीजों में अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ रोष भी पनप रहा है। मरीजों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन को पहले से पुख्ता इंतजाम कर-के रखने चाहिये। लोग बीमारी में ही अस्पताल का रुख करते हैं। मगर अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। वही सुबह से लाईन में खड़े मरीजों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधक को एक और अल्ट्रासाउंड मशीन लगवाने की जरूरत है, ताकि मरीजों को परेशानी न हो।

### वोटर लिस्ट से मृत मतदाताओं का नाम हटाने का निर्देश

छतरपुर : एसडीओ हीरा कुमार ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर छतरपुर प्रखंड परिसर में सुपरवाईजर और बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि जिन वोटरों की मौत हो चुकी है और जिन वोटर लड़कियों की शादी हो गयी है उन्हें चिन्हित कर वोटर लिस्ट से नाम हटाने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने ससमय इस कार्य को पूरा करने का भी निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ आशीष कुमार साहू, सीओ नित्यानंद प्रसाद, सीआई हरि कुमार समेत सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में योध सिंह नामधारी महिला कालेज की छात्राओं ने जीते 7 पदक

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** कर्नल अमिताभ मुखर्जी के निर्देशन में स्थानीय जीएलए कॉलेज परिसर में आयोजित 44 झारखंड बटालियन के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में योध सिंह नामधारी महिला कालेज की छात्राओं ने कुल 7 पदक जीते हैं। पदक जीतनेवाली कैडेट्स में पूजा कुमारी, अमृता



कुमारी व पूजा कुमारी ने समूह नृत्य में कांस्य पदक, अमृता कुमारी व पुनः पूजा कुमारी ने चित्रकला में रजत पदक जीता। वहीं सार्जेन्ट आस्था सिंह जिन्होंने हिमालयन पर्वतारोहण संस्थान के बैनर तले पर्वतारोहण कोर्स में अकेले गर्ल्स कैडेट के तौर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करके आई हैं, ने मंच संचालन और एकल नृत्य के लिये स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बता दें कि शिविर में योध सिंह नामधारी महिला कालेज की छः कैडेट्स शामिल थी। छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन पर कालेज की प्रभारी प्राचार्या डॉ मोहिनी गुप्ता ने बताया कि कैडेटस आगे बढ़े इसके लिये हरसंभव प्रयास करेंगी। सीटीओ डॉ संगीता कुजूर ने कहा कि कॉलेज की छात्राएं ना केवल प्रदेश स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी महाविद्यालय का नाम रोशन कर रही हैं।

## अगली बार झारखंड में होगी एनडीए की सरकार : कमलेश

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** झारखंड में विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है। एनडीए गठबंधन दल ने भी विस चुनाव को लेकर तैयारी पूरी कर ली है और झारखंड में अगली सरकार एनडीए गठबंधन की दल की होगी। उक्त बातें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता में कही। मेदिनीनगर स्थित अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी आगामी विस चुनाव एक से



अधिक सीटों पर लड़ेगी और एनडीए गठबंधन दल का टारगेट 65 से 70 सीटों को जीतना है। उन्होंने कहा कि चुनाव तैयारी को लेकर एनडीए के बड़े घटक भाजपा के नेता शिवराज सिंह चौहान वह हेमंत विश्वा शर्मा की तैयारी में लग गये हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर एनसीपी भी तैयारी कर रही है। एनडीए गठबंधन दल की जब भी बैठक होगी उसमें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) अधिक से अधिक सीटों पर अपनी दावेदारी पेश करेगा। श्री सिंह ने कहा कि वे हुसैनाबाद को जिला बनाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद उन्होंने महागठबंधन को समर्थन दिया था और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार उन्हें आश्वासन दे रहे थे कि हुसैनाबाद को जिला बनाया जायेगा। लेकिन उन्होंने अक्टूबर 2023 तक का अल्टीमेटम दिया था जब अल्टीमेटम की मियाद पूरी हुई तो उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार से समर्थन वापस ले लिया। उन्होंने बताया कि वह आगामी विस चुनाव हुसैनाबाद से ही लड़ेंगे। कमलेश सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद शुरू से ही झारखंड की हॉट सीट रही है।


### सरकार चुनावी घोषणाएं कर रही है, विश्वास न करें : सूर्या सिंह

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) के झारखंड प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार ने पिछले साढ़े चार साल में कुछ नहीं किया है। इस समय जो भी घोषणाएं की जा रही हैं, वे चुनाव को ध्यान में रखकर की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन घोषणाओं पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि ये भ्रमित करने वाली हैं।

## चातुर्मास व्रत करने और कराने वाला दोनों अक्षय पुण्य प्राप्त करता है : जीयर स्वामी जी

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** चातुर्मास व्रत करने और कराने वाला के साथ-साथ इस में शामिल हो जाने से ही अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। उक्त बातें जीयर स्वामी जी ने रविवार को सिंगरा स्थित चातुर्मास व्रत के दौरान प्रवचन में कही। उन्होंने कहा की शास्त्रों में तीन तरह के चातुर्मास व्रत का प्रमाण है। पहला आषाढ़ से आश्विन तक चार महीने एक स्थान पर रहकर जप, तप, तपस्या करना जिससे मनुष्य, जीव सहित प्रकृति का कल्याण हो वही चातुर्मास है। इसी चार महीने श्री राम ने भी



चातुर्मास व्रत किया था जिसका प्रमाण रामायण में है। दूसरा चातुर्मास आषाढ़ शुक्ल एकादशी से देव उठान कार्तिक शुक्ल एकादशी तक चार माह चातुर्मास का भी शास्त्रों में प्रमाण है। तीसरा चातुर्मास श्रवण मास का दो पक्ष और भादो मास का दो पक्ष भी चातुर्मास व्रत का प्रमाण शास्त्रों में है। सभी तीनों तरह के चातुर्मास में विद्वान, संत, साधक एक स्थान पर रहकर जप, तप, तपस्या करते है। जिससे संसार और प्रकृति का कल्याण होता है। इस व्रत को करने और कराने वाला सभी को अक्षय पुण्य प्राप्त होता है। मालूम हो की प्रतिदिन सुबह में सात से साढ़े सात बजे आरती होती है। सायं में छह बजे से स्वामी जी के द्वारा प्रवचन किया जाता है।

## न्यूज अपडेट्स

### आंगनबाड़ी सेविका चयन का ग्रामीणों ने किया विरोध

**धुरकी :** थाना क्षेत्र के गनियारी कला पंचायत अंतर्गत गनियारी खुर्द गांव में सोमवार को आंगनबाड़ी सेविका का चयन के लिये ग्राम सभा का आयोजित की गई। ग्राम सभा में कुल 8 कैंडिडेट ने कागजात जमा किया। वहीं कुछ कैंडिडेट का प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों के होने से ग्रामीणों में आक्रोश हो गया, ग्रामीणों ने स्थानीय कैंडिडेट को प्राथमिकता देने की बात कही। जबकि सबिता कुमारी का 35 प्रतिशत एवं अन्य का 29 प्रतिशत, 18, 17, 11 था। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सबिता कुमारी का मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट का आवेदिकाओं का प्रमाण पत्र फर्जी है। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी ने बताया कि ग्राम सभा में ग्रामीणों द्वारा दूसरे राज्य के प्रमाण पत्रों पर आरोप लगाया गया है जो जांच का विषय है जांच कर अग्रतार कार्रवाई की जायेगी। मौके पर मुखिया शम्भू प्रसाद साह, उप प्रमुख धर्मेन्द्र यादव, उप मुखिया प्रतिनिधि तौसीफ राजा, पंचायत समिति सदस्य पति अशोक सिंह, कुर्बान अंसारी, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव, राम प्रवेश गुप्ता, आदित्य सिंह आदि लोग उपस्थित थे।



# बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में शोक सभा

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** प्रेरणा परमार्थ आश्रम प्रयागराज के परम पूज्य एवं अघोरमूर्ति महान कर्म योगी सुधीर भैया का निधन मुंबई के अस्पताल में हो गया। उनके पार्थिव शरीर को अघोर परंपरा के अनुसार प्रेरणा परमार्थ आश्रम प्रयागराज के प्रांगण में भू समाधि दी गई। सोमवार को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में सुधीर भैया के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा मे सभी विभागों के प्राचार्य, प्राध्यापक, पदाधिकारीगण, शिक्षकेतर कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने पुष्प अर्पित कर भैया जी को श्रद्धांजलि दी एवं दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने भैया जी के जीवन वृतांत को बताते हुये कहा कि भैया जी के ब्रह्मलीन होने से मैं अनाथ हो गया हूं। यह विश्वविद्यालय भैया जी के आशीर्वाद से विकसित हुआ है। हम उनके दिखाये गये मार्गदर्शन का पालन करेंगे। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एमके सिंह, कुलसचिव डॉ ललन कुमार, ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुभाष कुमार, प्रशासनिक पदाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, सम्पदा अधिकारी राकेश कुमार सिंह, विश्वविद्यालय के तमाम पदाधिकारी कर्मचारी सहित विभिन्न विभागों के संकायाध्यक्ष, विभाग प्राचार्य एवं शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

## कारोबार रमना में बेखौफ हैं माफिया, कानून का उलंघन

# बालू का अवैध कारोबार

बंशीधर न्यूज

**रमना :** प्रखंड में अवैध बालू का परिवहन और विक्रय का खेल खुलेआम हो रहा है। शासन-प्रशासन मौन बन कर बैठा हुआ है। अवैध बालू परिवहन और उंचे मूल्य पर क्षेत्र में हो रहे विक्रय का पता क्या प्रशासनिक पदाधिकारियों को नहीं है। प्रशासनिक व्यवस्था के नाक के नीचे यह अवैध कारोबार लंबे समय से फल फूल रहा है। फिर भी खनन विभाग के अधिकारी व प्रशासनिक पदाधिकारी अनजान बने हुये हैं। अवैध बालू कारोबारी चतुराई से रात के अंधेरे में बालू का अवैध खनन और परिवहन करते हैं, जो भोर 4-5 बजे तक चलता है। ग्रामीणों में यह सरेआम चर्चा है कि बालू का अवैध कारोबार प्रशासनिक मिलीभगत से हो रहा है। प्रतिदिन अवैध बालू लदे दर्जनों ट्रैक्टर एक साथ निकलती है। प्रतिबंधित घाटों से बालू भरकर वापस लौटती हैं। अवैध बालू ले जाने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों की



तस्वीर और वीडियो भी लगातार सामने आते रहे हैं, परंतु खनन विभाग के अधिकारियों व पुलिस प्रशासन कार्रवाई करने से कतराते हैं। अवैध बालू कारोबारी एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के निर्देशों का भी खुलेआम धज्जिया उड़ा रहे हैं। पडोसी प्रखंड़ो के नदियों और वन क्षेत्र के जल स्त्रोतो से बालू का अवैध उठाव बेखौफ हो रहा है। गत दिन रमना थाना द्वारा अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया था और इस पर कारवाई के लिये डीएमओ को पत्र लिखा गया था, इसके बावजूद अगले ही दिन कई अवैध गाड़ियां लगातार क्षेत्र में बालू लेकर आयी, इससे यह साफ पता चलता है, कि अवैध बालू कारोबारियों को प्रशासन व्यवस्था की क्या डर है ? इस कारोबार से सरकार को राजस्व का लाखों करोड़ों का नुकसान हो रहा है, वही अवैध कारोबारी मालामाल हो रहे है। अवैध कारोबार से एक ओर सरकार को राजस्व का लाखों करोड़ों नुकसान हो रहा है वही बालू कारोबारी मालामाल हो रहे है। इस सम्बन्ध में सीओ सह बीडीओ वासुदेव राय ने बताया कि अवैध बालू कारोबार के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है, इस सम्बन्ध में सूचना मिलने पर अवश्य कार्रवाई की जायेगी।

### छापामारी के दौरान एक क्विंटल जावा महुआ जब्त



**केतार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध महुआ शराब निर्माण व बिक्री के विरुद्ध केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने दासीपुर गांव में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान एक क्विंटल जावा महुआ और शराब बनाने की उपकरण को बरामद किया। मौके पर थाना प्रभारी ने बताया कि शराब बनाने वालों की अब खैर नहीं है। केतार पुलिस अवैध शराब बनाने वालों पर पैनी नजर रखेगी। थाना प्रभारी ने बताया कि केतार में अवैध धंधा करने वाले लोगों के विरुद्ध गस्ती दल थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी स्थानों पर निरंतर पैनी नजर रखी है। साथ ही कहा कि क्षेत्र अंतर्गत जिन्हे भी समस्या हो वे स्वयं आकर मिलें, उनकी समस्या का समाधान निश्चित रूप से किया जायेगा।

### आंगनबाड़ी मध्य केंद्र में सहायिका चयन के लिये आमसभा



**केतार :** प्रखंड अंतर्गत केतार पंचायत के मध्य विद्यालय केतार में आंगनबाड़ी मध्य केंद्र में सहायिका चयन के लिये आमसभा का आयोजन किया गया। केतार पंचायत के वार्ड नंबर 10 में सहायिका का चयन भवनाथपुर बीडीओ सह केतार बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नंदजी राम, केतार बीडीओ सावित्री कुमारी, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, पर्यवेक्षिका रिंकी देवी की उपस्थिति में हुआ। सहायिका पद के लिये सात अभ्यर्थियों का आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें शैक्षणिक योग्यता के आधार पर सभी अभ्यर्थियों का अंक का निर्धारण किया गया। जिसमें अंजू कुमारी को 22 अंक, सूर्यमाला देवी, चिंता देवी, ललिता देवी 14 अंक, शारदा देवी 12 अंक, संध्या देवी 10 अंक प्राप्त हुये। इस प्रकार सहायिका पद के लिए अंजू देवी पति दिलीप कुमार राम को चयनित किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार, मुखिया प्रमोद कुमार, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उपेंद्र बैठा, कुंदन प्रसाद, बिंदु राम, जोखू राम, शैला देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### केतार थाना प्रभारी ने चलाया नशा मुक्ति अभियान



**केतार :** प्रखंड अंतर्गत मानक पदार्थ एवं नशा मुक्ति को लेकर थाना प्रभारी एवं बीडीओ ने जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी एवं बीडीओ ने लोहिया समता हाई स्कूल एवं मध्य विद्यालय केतार के बच्चों के बीच नशा से होने वाले कुप्रभाव की जानकारी दी। साथ ही इससे होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नशा किसी भी प्रकार का हो व्यक्ति को विनाश और निर्धनता की वृद्धि तथा मृत्यु के द्वार खोलता है। आज के युवा शराब और हेरोइन जैसे मादक पदार्थो का नशा ही नहीं बल्कि कुछ दवाओं का भी इस्तेमाल नशे के रूप में कर रहे हैं। एक दूसरे को नशे की कुरीतियों से दूर रहने को लेकर प्रेरित करने की जरूरत है। मौके पर डॉ छोटे शर्मा, शिक्षक जवाहर दुबे, दिलीप मेहता, अनिल राम, गौतम पाल, सोनू सिंह, विकेश कुमार, अंगद कुमार, प्रतिमा कच्छप, मध्य विद्यालय केतार के शिक्षक संतोष कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### निर्वाचन संबंधित बैठक आज

**मझिआंव :** सहायक निर्वाचन निबंधन सह अंचल अधिकारी शम्भू राम द्वारा 25 जून को मझिआंव प्रखंड कार्यालय के सभागार में निर्वाचन से सम्बंधित बैठक बुलाई गई है। इसमें सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं प्रखंड के सभी पंचायत के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में सीओ ने बताया कि 25 जून की बैठक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में बुलाई गई है। इसमे मतदान केंद्र परिवर्तन, मतदान केंद्र परिवर्धन, मतदाताओं का पंजीकरण, नाम हटाने एवं प्रविष्टि में सुधार आदि विषयों पर जानकारी सांझा की जायेगी। उक्त बैठक में प्रमुख, उप प्रमुख, सभी पंचायत समिति सदस्य, 20 सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, नगर पालिका के सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि एवं बीजेपी, आरजेडी, आप, बीएसपी सहित सभी राजनीतिक दल के अध्यक्षों को भी आमंत्रित किया गया है।

## 143 छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल वितरित

बंशीधर न्यूज

**सगमा :** प्रखंड परिसर में सोमवार को समाज कल्याण विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 23-24 में वर्ग आठ में अध्ययनरत 143 छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया। साईकिल का वितरण बीडीओ सत्यम कुमार, जिला परिषद सदस्य अंजू देवी, विधायक प्रतिनिधि राजेश बैठा, मुखिया तेजलाल राम, प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रविरंजन कुमार



एवं मुखिया प्रतिनिधि हनुमंत यादव आदि ने संयुक्त रूप से किया। उस मौके पर बीडीओ सत्यम कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ने अच्छी पहल करते हुये राज्य के सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने जाने के लिये साईकिल प्रदान की जा रही है जो दूरदराज से विद्यालय आने जाने वाले बच्चों के लिये वरदान साबित हो रहा है। मौके पर सभी पंचायत के मुखिया, प्रधानाध्यापक एवं प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## बिदरा के डीलर दुखभंजन मांझी पर 3 माह के राशन गबन का आरोप, लाभुकों ने किया प्रदर्शन

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पांकी प्रखंड के अंबाबार पंचायत के बिदरा गांव के जन वितरण प्रणाली दुकानदार दुखभंजन मांझी (लाईसेंस नंबर 3-93) ने लाभुकों के तीन माह का राशन गबन कर लिया है। लाभुको ने उक्त आरोप लगाते हुये डीलर के दुकान के समक्ष प्रदर्शन किया। लाभुकों का कहना है कि है डीलर दुखभंजन मांझी हमें निर्धारित मात्र से कम राशन देते हैं और 3 माह हो



जाने के बाद भी हमें राशन नहीं मिला है। विरोध जता रहे लाभुकों ने बताया कि दुखभंजन मांझी द्वारा लाल कार्ड हो या पीला कार्ड हो सभी मामले में मनमानी करते हैं। केंद्र सरकार के गरीब कल्याण योजना के तहत भी राशन वितरण में मनमानी की जाती है। पीला राशन कार्ड धारियों ने कहा कि निर्धारित मात्रा से 35 किलो की जगह 30 किलो ही मिलता है 5 किलो कम राशन दिया जाता है।

## मझिआंव में दवा फेंकने की घटना के बाद लोगों में आक्रोश

# रेलवे लाइन पर फेंकी गयी है दवाईयां

बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** प्रखंड अंतर्गत पुरहे के मेराल-भवनाथपुर रेलवे लाईन से पहले सुगवा नाला के पास सोमवार को लगभग 7 प्रकार से अधिक तरह के दवा फेंका हुआ देखा गया है। वहीं आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि दवा रविवार को नहीं था, रात्रि में फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। वहीं फेंके गये दवा में मल्टी किंग टैबलेट जो सबसे अधिक मात्रा में फेंका गया है, जो मई 2020 का बना हुआ है, सीरफ फेफलर है जो लगभग दो सौ से अधिक मात्रा में है। जून 2022 का बना हुआ है, एक्सपायरी तिथि 11 दिसंबर 2023 का है, टैबलेट में तेज मैक्स जो सितंबर 2019 का बना हुआ है, टैबलेट कैलोस सेल जो जनवरी 2022 का बना हुआ है तथा एक्सपायरी दिसंबर 2023 का है, टैबलेट लोरफ्लोक्सासीन जो जुलाई 2019 का बना हुआ है, एवं एक्सपायरी दिनांक जून 2021 का है, टैबलेट विडेक्स फोर्ट जो दिसंबर 2019 में बना हुआ है और एक्सपायरी दिन मई 2021 का है तथा मलहम जलोरीड सीड जो अगस्त 2021 का बना हुआ और एक्सपायरी जुलाई 2023 का अंकित है।

बताते चलें कि दवा फेंकने की यह घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बताते चलें कि ऐसे ही लाखों रुपये की सरकारी दवा 16 मार्च 2024 को भारी मात्रा में कांडी प्रखंड क्षेत्र के सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल के समीप नदी किनारे फेंका हुआ पुलिस ने बरामद किया था। जो अभी तक जांच का विषय बना हुआ है और पूर्णतः जांच नहीं हो पाई है। जबकि इसके लिये दृष्टि युथ ऑर्गेनाईजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर के द्वारा कई बार आवाज उठाया गया। इसके बाद भी जांच नहीं होने पर कांडी स्थानीय अस्पताल परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। इधर शशांक शेखर ने कहा कि अस्पताल पहुंचे हुये मरीजों को दवा सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाती है परंतु दवा लिखने के बाद भी दवा के लिये पर्ची देकर बाहर भेज दिया जाता है। और प्राईवेट दुकान से दवा मंगाया जाता है। इतने प्रकार के दवा एक्सपायरी होने के बाद कहां से फेके गये यह जांच का विषय बना हुआ है तथा लगातार सरकारी दवा को फेंकने वाले शख्स पर आखिरकार कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि स्थल पर जांच के लिये अस्पताल प्रभारी को निर्देश दिया गया है, जांचों उपरांत कार्रवाई की जायेगी। मिली जानकारी के अनुसार दवा फेंके गये स्थल पर रेफरल अस्पताल चिकित्सा प्रभारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ, बीपीएम रुबी तबसून, एकाउंटेंट आलोक कुमार सिंह सहित अन्य अस्पताल के कर्मी व पदाधिकारियों के द्वारा पहुंचकर जांच पड़ताल की गई। रेफरल चिकित्सा प्रभारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ ने कहा कि सभी दवा को जब्त करते हुये लाया गया है। सभी दवा प्राईवेट दुकान की है और दवा के कार्टून पर बिशनपुर लिखा हुआ है।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर रामासाहू आउटडोर स्टेडियम के मैदान में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, महासचिव आलोक मिश्रा, उपाध्यक्ष विजय कुमार केशरी, कमलेश कुमार गुप्ता, पिंटू बाबू, एथलेटिक्स संघ के वर्किंग सचिव सुशील तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय कांत, क्रिकेट के प्रशिक्षक सिकंदर आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस दौरान



100 मीटर स्प्रिंट और 200 मीटर रेस का आयोजन किया गया। बालिका वर्ग के 100 मीटर दौड़ में लक्ष्मी ऋषि, दीपांजली कुमारी, काजल कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि बालक वर्ग में अमित कुमार, मनीष कुमार, उदित ऋषि ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक ने ओलंपिक संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों तथा जिला स्तरीय विभिन्न खेल संघ के लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का अपील की। उपाध्यक्ष विजय केशरी ने खिलाड़ियों को ओलम्पिक डे की जानकारी दी। मौके पर कमलेश गुप्ता सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



## सोनाक्षी-जहीर को शत्रुघ्न सिन्हा ने आशीर्वाद दिया- जोड़ी सलामत रहे

शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा शादी के बंधन में बंध गयी। सोनाक्षी-जहीर को आशीर्वाद देने के लिए रेखा, सलमान खान, काजोल और कई अन्य लोग शामिल हुए। इस बीच पिता शत्रुघ्न सिन्हा भावुक दिखे। शादी के बाद उनका रिएक्शन इस वक्त चर्चा में है। सोनाक्षी और जहीर की रजिस्टर मैरिज के दौरान शत्रुघ्न सिन्हा बेटी के पक्ष में खड़े थे। इस बार उनके चेहरे पर खुशी और संतुष्टि थी। शत्रुघ्न सिन्हा ने दोनों को आशीर्वाद दिया। शादी के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, ह्लहर पिता उस पल का इंतजार करता है, जब वह अपनी बेटी का हाथ उसकी पसंद के लड़के को सौंपता है। मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मेरी बेटी जहीर के साथ सबसे ज्यादा खुश है। भगवान करे यह जोड़ी हमेशा खुश रहे, उनकी जोड़ी सलामत रहे। इसके आगे अभिनेता ने कहा कि 44 साल पहले, शत्रुघ्न सिन्हा ने अपनी पसंद की एक बहुत ही सफल, बहुत खूबसूरत, बहुत प्रतिभाशाली लड़की पूनम सिन्हा से शादी की थी। अब सोनाक्षी की बारी है कि उसने अपनी पसंद के लड़के से शादी की। रिसेप्शन पार्टी में सोनाक्षी और जहीर ने खूब मस्ती की। उनकी शादी की तस्वीरें और वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

## सोनाक्षी-जहीर की रिसेप्शन पार्टी में लगा बॉलीवुड सितारों का तांता





सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अब पति-पत्नी हैं। उन्होंने रजिस्ट्रेशन के जरिए मुंबई में शादी कर ली। उनकी शादी में दोनों के परिवार और इंडस्ट्री के कुछ दोस्त शामिल हुए थे। सोनाक्षी और जहीर का रिसेप्शन मुंबई में हुआ। इस रिसेप्शन पार्टी में एक हजार से ज्यादा मेहमान शामिल हुए। रिसेप्शन पार्टी बैस्टियन रेस्टोरेंट में रखी गई थी। पार्टी में बॉलीवुड सेलिब्रिटीज का जमावड़ा नजर आया। अपने वेडिंग रिसेप्शन में सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल बेहद खूबसूरत लग रहे थे। रिसेप्शन में सोनाक्षी ने लाल साड़ी पहनी और नेकलेस और ईयररिंग्स से अपने लुक को पूरा किया। बालों में गजरा और सिंपल मेकअप में सोनाक्षी बेहद खूबसूरत लग रही थीं। जहीर ने सफेद शेरवानी पहनी हुई थी। उनकी शादी के रिसेप्शन की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। सोनाक्षी और जहीर की शादी के रिसेप्शन में बॉलीवुड की मशहूर हस्तियां भी शामिल हुईं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर एक दूसरे का हाथ पकड़कर रिसेप्शन स्थल पर पहुंचे और पोज दिए। सोनाक्षी और जहीर के रिसेप्शन में भाईजान सलमान खान, रवीना टंडन, काजोल, विद्या बालन, सिद्धार्थ रॉय कपूर, आदित्य रॉय कपूर, ऋचा चड्ढा, अली फजल, शरमीन सहगल, अरबाज खान, संगीता बिजलानी, अदिति राव हैदरी, सदाबहार एक्ट्रेस रेखा, दिग्गज एक्ट्रेस सायरा बानो, हुमा कुरैशी, रैपर हनी सिंह, तब्बू, अजय देवगन, अनिल कपूर, चंकी पांडे, संजय लीला बंसाली और मनोरंजन जगत की कई मशहूर हस्तियां भी शामिल हुईं।

## श्रीलंका: गंभीर आर्थिक संकट से उबरते देश में इस साल छह माह में 9 लाख पर्यटक पहुंचे



# प्रधानमंत्री मोदी सहित मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों ने ली शपथ



**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की पहली बैठक में आज प्रधानमंत्री सहित मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता में सदन ने शुरूआत में राष्ट्रगान के बाद मौन रखा। इसके बाद नेता सदन एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शपथ ग्रहण की।

नई संसद में पहले शपथ ग्रहण समारोह से पहले सुबह राष्ट्रपति भवन में महताब को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई। राष्ट्रपति ने महताब को सहयोग करने के लिए पैनल भी तय किया था। इसमें कोडिकुन्नील सुरेश, टीआरबालू, राधा मोहन सिंह, फगन सिंह कुलस्ते और सुदीप बंदोपाध्याय का नाम शामिल था। इन्हें प्रधानमंत्री के बाद शपथ दिलाई जानी थी, लेकिन विपक्षी सदस्यों कोडिकुन्नील सुरेश, टीआरबालू और सुदीप बंदोपाध्याय शपथ के समय सदन में उपस्थित नहीं थे। बाकी तीनों पैनल सदस्यों ने शपथ ग्रहण की।

इसके बाद कैबिनेट मंत्रियों राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी सहित एक-एक कर सबने शपथ ली। कैबिनेट के बाद स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्रियों और राज्यमंत्रियों ने शपथ ली। इसके बाद अल्फाबेटिकल क्रम में राज्यों के सासंदों को शपथ दिलायी जा रही है। सबसे पहले आंध्र प्रदेश से सांसदों ने शपथ ग्रहण की। ज्यादातर मंत्रियों ने अपने राज्य की भाषा में शपथ ली। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के शपथ ग्रहण के दौरान विपक्ष ने शोर किया। इस दौरान विपक्ष के नेता नीट-नीट शेम-शेम के नारे लगाने लगे। हाल ही में नीट की परीक्षा का पेपर लीक होने के मुद्दे से राजनीति गरमा हुई है। सदन की शुरूआत में विपक्ष के नेता हाथ में संविधान लिए हुए विरोध करने लगे।

आज और कल सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी और अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। बुधवार को राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा, जिस पर चर्चा होगी और प्रधानमंत्री का वक्तव्य होगा। पहला सत्र 3 जुलाई तक है और इसके थोड़े दिनों के ब्रेक के बाद बजट सत्र आयोजित किया जाएगा।

परंपरा के तहत प्रधानमंत्री ने आज सुबह मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने विपक्ष से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सरकार सर्वसम्मति के साथ कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार बहुमत से बनती है, लेकिन संसद सर्वसम्मति से चलती है। प्रधानमंत्री ने नए और खासकर युवा सांसदों के सदन में पहुंचने पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह अवसर विकसित भारत 2047 और देश के लोगों की आकांक्षाओं पूरा करने का है। देश में दूसरी बार है जब एक सरकार को लगातार तीसरी बार लोगों ने सेवा का अवसर दिया है। वे अपेक्षा करते हैं कि विपक्ष अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। अब कल लोकसभा अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। इसके अगले दिन राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर दोनों सदनों में चर्चा होगी, जिसका उत्तर प्रधानमंत्री देंगे। लोकसभा का पहला सत्र पूरा होने के बाद कुछ दिनों के अंतराल में बजट सत्र आयोजित किया जाएगा। इसमें वित्त मंत्री वित्त वर्ष 24-25 के लिए बजट पेश करेंगी।

## जनता ने हमारी नीयत व नीति पर मुहर लगाईः मोदी

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू होने से पहले सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जनता ने हमारी नीयत और नीति पर मुहर लगाई। हम सभी को साथ लेना चाहते हैं। संसदीय लोकतंत्र में यह गौरवशाली दिन है। आजादी के बाद पहली बार हमारे अपने नए संसद भवन में शपथ ग्रहण समारोह हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज 18वीं लोकसभा शुरू हो रही है। दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव भव्य और शानदार तरीके से हुआ। यह इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि आजादी के बाद दूसरी बार देश की जनता ने लगातार तीसरी बार एक सरकार को सेवा करने का मौका दिया है। पिछले 10 सालों में हमेशा एक परंपरा लागू करने की कोशिश की है।

## पुंछ-राजौरी सेक्टर में करीब 40 विदेशी आतंकी मौजूद

**नई दिल्ली।** केंद्र में एनडीए सरकार बनने के दिन से 72 घंटे के भीतर जम्मू-कश्मीर में लगातार तीन आतंकी हमले होने के बाद खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। पिछले एक पखवाड़े में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों



में 04 आतंकी मार गिराये गए हैं। बढ़ते आतंकवादी हमलों के बीच एक खुफिया रिपोर्ट ने चौंका दिया है कि पुंछ-राजौरी सेक्टर में करीब 40 विदेशी आतंकवादी मौजूद हैं, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि पाकिस्तानी आतंकी एक बार फिर से सीमा लांघने की फिराक में हैं। अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले सुरक्षा बलों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। राष्ट्रपति भवन में जब 9 जून को भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर इतिहास रच रहे थे, उसी समय जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकियों ने तीर्थयात्रियों को लेकर वैष्णो देवी जा रही एक बस पर घात लगाकर हमला किया था। ड्राइवर को गोली लगने के कारण बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी थी। इस आतंकी हमले में 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी और 30 से अधिक घायल हुए थे।

## Hit लिस्ट

### नीट पेपर लीक की जांच करने सीबीआई की स्पेशल टीम पटना पहुंची

**पटना।** नीट-यूजी परीक्षा - 2024 में पेपर लीक समेत दूसरी गड़बड़ियों की जांच के लिए सीबीआई ने तत्काल एक्शन शुरू कर दिया है। शनिवार की रात केंद्र सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी। रविवार को सीबीआई ने केस दर्ज किया और जांच के लिए दो खास टीमों का गठन किया। इनमें से एक टीम रविवार शाम पटना पहुंच गयी है। सीबीआई सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक टीम ने बिहार के ईओयू से संपर्क साधा है। ईओयू से नीट पेपर लीक से संबंधित कागजातों और अब तक हुई जांच रिपोर्ट मांगी गयी है। सीबीआई की टीम सारे कागजातों की तहकीकात के बाद अपनी कार्रवाई शुरू करेगी। इससे पहले सीबीआई की ओर से जारी जानकारी में बताया गया है कि सीबीआई ने भारत सरकार के उच्च शिक्षा निदेशक की लिखित शिकायत के आधार पर नीट परीक्षा में गडबड़ी से संबंधित एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। 5 मई 2024 को नीट (यूजी) 2024 परीक्षा एनटीए द्वारा 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर आयोजित करायी गई थी जिसमें 23 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे।

### नीट यूजी मामले में गोधरा सर्किट हाउस पहुंची सीबीआई की टीम

**गोधरा।** पंचमहाल जिले के गोधरा स्थित जय जलाराम स्कूल में नीट परीक्षा में परीक्षार्थी को पास कराने के लिए सेटिंग करने के मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के बाद सोमवार को एजेंसी की



जांच टीम गोधरा सर्किट हाउस पहुंची है। पंचमहाल जिले के गोधरा स्थित जय जलाराम स्कूल में नीट परीक्षा में परीक्षार्थी को पास कराने के लिए सेटिंग मामले की गूंज देश भर में सुनाई दी थी। इस मामले को लेकर 8 मई, 2024 को गोधरा तहसील थाने में शिकायत दर्ज की गई थी। मामले में 5 आरोपितों को पकड़ा गया था। अब इस मामले की जांच राज्य सरकार ने सीबीआई को सौंप दी है।

### मप्र में पहली बार हुआ अफ्रीकन जेब्रा का जन्म, जल्द दीदार कर सकेंगे पर्यटक

# जन्म के तुरंत बाद पैरों पर खड़ा हुआ जेब्रा

**इंदौर।** मध्य प्रदेश में पहली बार अफ्रीकन जेब्रा का जन्म हुआ है। प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय (चिड़ियाघर) में रविवार रात करीब साढ़े 10 बजे अफ्रीकन जेब्रा ने जन्म लिया। एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत जामनगर से पांच माह पहले अफ्रीकन जेब्रा का जोड़ा लाया गया था। चिड़ियाघर के



अधिकारियों के अनुसार बेबी जेब्रा और मां दोनों स्वस्थ हैं। पर्यटक जल्द ही इसके दीदार कर सकेंगे। चिड़ियाघर प्रबंधन के अनुसार पूरे प्रदेश में जेब्रा सिर्फ इंदौर जू में है, जिनकी संख्या बढ़कर अब तीन हो गई है। जन्म लेने के कुछ ही घंटे बाद बेबी जेब्रा पैरों पर खड़ा हो गया और चहलकदमी करने लगा। इंदौर जू को यह जेब्रा का जोड़ा तीन राज्यों में तीन साल तक कोशिश करने के बाद मिला था। यह गुजरात के जामनगर से मिला था। अब इस जोड़े के बदले इंदौर से व्हाइट टाइगर जामनगर भेजा जाएगा।

चिड़ियाघर के क्यूरेटर निहार पारुलेकर ने बताया कि अफ्रीकन जेब्रा के जोड़े ने रविवार रात करीब साढ़े दस बजे एक बच्चे को जन्म दिया है। मादा और बेबी जेब्रा दोनों स्वस्थ हैं। वह रातभर मां के ही पास रहा और सोमवार सुबह तक धीरे-धीरे पैरों पर खड़े होकर चहलकदमी करने लगा है। बताया गया है कि इंदौर चिड़ियाघर प्रबंधन ने इंदौर में जेब्रा का जोड़ा लाने के लिए लगातार प्रयास किए।

## विपक्ष ने संसद भवन परिसर में किया विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज सोमवार (24 जून) को शुरू हुआ। सत्र की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से हुई। विपक्ष ने पहले सत्र की शुरूआत संसद के बाहर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन से की। आईएनडीआईए के नेताओं ने संविधान की कॉपी लेकर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी शामिल हुए। समाजवादी



पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, सांसद डिंपल यादव और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद कल्याण बनर्जी सहित विपक्ष के अन्य सांसदों ने संविधान की कापी लेकर मार्च निकाला। प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संविधान बचाने के लिए जो कोशिश हमने की थी, उसमें जनता हमारे साथ है। लेकिन मोदी जी ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की, इसलिए आज यहां पर हम एकत्रित होकर विरोध कर रहे हैं।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)